## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 13.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 13.07.2025

# दशाश्वमेध में खुला आरोग्य मंदिर

जागरण संवाददाता, वाराणसी: शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के दशाश्वमेध स्थित वीडीए कांप्लेक्स में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का शनिवार को क्षेत्रीय विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने उद्घाटन किया। कहा, काशी में विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप में आने के बाद शहर में एक के बाद एक कई ऐसे बड़े प्रोजेक्टों पर काम चल रहा है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।

इन प्रोजेक्टों ने शहर की पूरी तस्वीर बदल दी है। ऐसे ही प्रोजेक्ट में शामिल था वाराणसी के दशाश्वमेध घाट का प्लाजा जो अब स्मार्ट काशी का एक प्रमुख हिस्सा है। अब इस क्षेत्र की आबादी व पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए एक



दशाश्वमेध स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ करते डा. नीलकंठ तिवारी।

प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना की गई है। शहर दक्षिणी में इसके पहले पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो किराए के मकान में चलते थे, विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने सभी को नवीन भवन में स्थानांतरित कर दिया। अब इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के बाद कुल छह केंद्र कार्यशील हो गए हैं। सीएओ डा. संदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष बबलू सेठ, संदीप चौरसिया, उप सभापति नरसिंह दास, केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप चतुर्वेदी, डा. पवन शुक्ला, वेदमूर्ति शास्त्री, सुरेश तुलस्यान आदि मौजूद रहे।

### दैनिक जागरण–दि0 13.07.2025

# चंदौली के पड़ाव क्रासिंग पर लगेगी 'योगेनात्मदर्शनम्' प्रतिमा

जागरण संवाददाता, पड़ाव (चंदौली): चंदौली के सौंदर्य संवर्धन और आध्यात्मिक पहचान को और सशक्त करने की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। बनारस रेल इंजन कारखाना (बीएलडब्ल्यू) द्वारा तैयार की गई ध्यानमग्न मुद्रा वाली भव्य प्रतिमा 'योगेनात्मदर्शनम्' को अब पड़ाव क्रासिंग पर स्थापित किए जाने की योजना है।

इसके लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा लोक निर्माण विभाग, चंदौली को सूचित कर दिया गया है। जिसके आधार पर मार्ग निर्माण में लगी कार्यदाई संस्था द्वारा शुक्रवार को चयनित स्थान की नापी भी करा दी गई। वाराणसी के कलाकार प्रभाकर सिंह द्वारा डिजाइन की गई यह प्रतिमा वाराणसी व चंदौली के आध्यात्मिक स्वरूप और ध्यान की वैश्विक छवि को उजागर करेगी। बीएलडब्ल्यू के निकले कबाड़ के अवशेषों से निर्मित प्रतिमा का आकार सड़क से लगभग 12 फीट ऊंचा और इसका वजन लगभग 900 किलोग्राम होगा।

वहीं इसकी सुंदरता को निखारने के लिए कोटा के पीले पत्थरों का निर्माण कराया जाएगा। इसमें दुरंता इरेक्ट और बोगन बेलिया के पौधों से लगाए जाने के साथ रात्रि में प्रकाश के लिए आधुनिक एलईडी लाइटों से सुसज्जित किया जाएगा।




चौराहे के समीप लगने वाली योगेनात्मदर्शनम् प्रतिमा का प्रतिरूप ●

**12** फीट ऊंची होगी प्रतिमा और इसका वजन लगभग 900 किलोग्राम होगा

- बीएलडब्ल्यू द्वारा बनाई गई प्रतिमा को मिलेगा सार्वजनिक स्थल
- बीएलडब्ल्यू के निकले कबाड़ के अवशेषों से बनाई गई है प्रतिमा

### सौंदर्य संग आध्यात्मिक संदेश

वाराणसी विकास प्राधिकरण के अनुसार, यह प्रतिमा केवल एक शिल्पकृति नहीं अपितु शहर में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए ध्यान और आत्मशांति का प्रतीक होगी। पड़ाव क्रासिंग जैसे व्यस्त चौराहे पर इसकी स्थापना न सिर्फ सौंदर्य में वृद्धि करेगी, बल्कि वाराणसी को एक वैश्विक ध्यान केंद्र के रूप में दर्शाने में भी मदद करेगी।

### प्राधिकरण करेगा निगरानी

विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, बीएलडब्ल्यू द्वारा बनाए गए अन्य स्कल्पचर्स को भी शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने की योजना है और इस पूरी प्रक्रिया की उच्चाधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। पड़ाव क्रासिंग पर प्रतिमा स्थापना इसी श्रृंखला का हिस्सा है।

न्यायाधीश–दि0 13.07.2025

## VDA प्लाजा में आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हुई शुरुआत, विधायक ने किया उद्घाटन,

वाराणसी। वीडीए प्लाजा में शनिवार को 'आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र' का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि शहर दक्षिण विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने फीता काटकर अस्पताल का लोकार्पण किया। आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत से दशाश्वमेध क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। वहीं क्षेत्रवासियों को मुफ्त उपचार की सुविधा मिलेगी। विधायक ने बताया कि दशाश्वमेध क्षेत्र वाराणसी का प्रमुख धार्मिक और व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। इसके बावजूद अब तक इस क्षेत्र में कोई सरकारी चिकित्सा सुविधा नहीं थी। नागरिकों की लंबे समय से मांग थी कि यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए। जनता की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए वीडीए परिसर में आयुष्मान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है।विकास प्राधिकरण द्वारा अपने परिसर की पांच दुकानों को इस स्वास्थ्य केंद्र के लिए उपलब्ध कराया गया है। अस्पताल में ओपीडी, बेड, दवाइयाँ, और अन्य प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं 24/7 उपलब्ध रहेंगी। आने वाले समय में ब्लड टेस्ट समेत अन्य जांच सुविधाएं भी चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी। विधायक ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी विधायक निधि से एक एंबुलेंस की व्यवस्था के लिए भी धन आवंटित किया है, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को त्वरित सेवा मिल सकेगी।